# आपदा प्रबंधन पर देहरादून में होगा अंतर्राष्ट्रीय मंथन

## चर्चा में क्यों?

23 जुलाई, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार उत्तराखंड सहित कई राज्यों में नवंबर में आपदा प्रबंधन पर छठी वर्ल्ड कॉन्फ्रेंस प्री कॉन्फ्रेंस होगी। देहरादून में प्री कॉन्फ्रेंस चार अगस्त को आयोजित होगी, इसकी तैयारी शुरू हो गई है।

## प्रमुख बिंदु

- इंटरनेशनल डिजास्टर सोसाइटी, राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और उत्तराखंड विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यूकॉस्ट) संयुक्त रूप से इस कॉन्फ्रेंस का आयोजन 28 नवंबर से एक दिसंबर के बीच करेंगे।
- इसमें दुनिया के 100 से ज्यादा देशों के प्रतिनिधि, छात्र, शोधार्थी शामिल होंगे। यूकॉस्ट इस कॉन्फ्रेंस का वैज्ञानिक एवं तकनीकी समन्वयक है।
- यूकॉस्ट के महानिदेशक डॉ. दुर्गेश पंत ने बताया कि जून माह में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस कॉन्फ्रेंस का पोस्टर जारी किया था।
- देहरादून में चार अगस्त को पहली प्री कॉन्फ्रेंस होने के बाद नॉर्थ ईस्ट के राज्यों में प्री कॉन्फ्रेंस होंगी।
- इस कॉन्फ्रेंस का विषय स्ट्रेंथनिंग क्लाइमेट एक्शन एंड डिजास्टर रसिाइलेंस है। विभिन्न राज्यों व देशों में अपनाई जा रही तकनीकों से दूसरे देशों में भी आपदा प्रबंधन आसान होगा।
- जापान ने आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में काफी काम किया है। उनकी मशीनें भी इस वर्ल्ड कॉन्फ्रेंस में प्रदर्शित की जाएंगी। सभी देशों को इसके लिये आमंत्रण भेजा जा चुका है। विभिन्न कारणों से नदियां जब रास्ता बदलती हैं, तो इससे भी काफी जन-धन की हानि होती है। इस पर भी सम्मेलन में विशेषज्ञ चर्चा करेंगे।
- विदित है कि आपदाओं की दृष्टि से उत्तराखंड बेहद संवेदनशील राज्य है। आपदा प्रबंधन पर होने वाली छठीं वर्ल्ड कॉन्फ्रेंस में विश्वभर के विशेषज्ञ एवं पर्वतीय क्षेत्रों में आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में कार्य कर रहे लोग प्रतिभाग करेंगे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/international-brainstorming-on-disaster-management-will-be-held-in-dehradun